www.nshealth.ca

2026

# नोवा स्कोशिया हेल्थ और आईडब्ल्यूके हेल्थ में दुभाषिया और अनुवाद सेवाएं

- अपनी स्वास्थ्य देखभाल के बारे में जानकारी को समझ पाना महत्वपूर्ण है। भाषा में बाधाओं से भ्रम, गलतियाँ या देखभाल में अंतराल पैदा हो सकते हैं।
- नोवा स्कोशिया हेल्थ और आईडब्ल्यूके हेल्थ संवाद करने में आपकी सहायता के लिए नि:शुल्क दुभाषिया और अनुवाद सेवाएं प्रदान करते हैं, यदि:
  - > अंग्रेज़ी आपकी पहली भाषा नहीं है
  - > आप सांकेतिक भाषा का उपयोग करते/ती हैं
- हमारा लक्ष्य आपको अपनी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी समझने में मदद देना और देखभाल सेवा प्राप्त करते समय सुरक्षित और समर्थित महसूस कराना है।

## Medical interpreter (चिकित्सा दुभाषिया) क्या है?

- **चिकित्सा दुभाषिया** एक प्रशिक्षित पेशेवर होता है, जो आपको और आपकी स्वास्थ्य देखभाल टीम के बीच संवाद करने में सहायता देता है, जबकि आप समान भाषा नहीं बोलते हैं।
- चिकित्सा दुभाषिए:
  - > जो कुछ भी आप और आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता बोलते हैं, उसका भाषांतरण करते हैं
  - > स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के स्पष्ट भाषांतरण में सहायता देते हैं
  - > अपनी कोई राय या सलाह **नहीं** देते हैं
  - > जानकारी को निजी और गोपनीय रखते हैं, जब तक कि कानून के तहत कोई आवश्यकता न हो
  - > जानकारी में कुछ भी जोड़ते, बदलते या छोड़ते **नहीं** हैं

## मैं दुभाषिए की मांग कब कर सकता/ती हूँ?

- आप निम्नलिखित के लिए दुभाषिए का निवेदन कर सकते/ती हैं:
  - > अस्पताल में जाना
  - > अस्पताल में क्लिनिक एपॉइंटमेंट्स
  - > परीक्षण, उपचार या प्रक्रियाएं
  - > फॉर्म भरना या सहमति देना

## कौन सी सेवाएं उपलब्ध हैं?

> चिकित्सा दुभाषिया (वीडियो या फोन से)
> चिकित्सा दुभाषिया (व्यक्तिगत रूप से)
> सांकेतिक भाषा दुभाषिया (सुनने में अक्षम या कम सुनाई देने वाले लोगों के लिए)

## मैं इस सेवा का लाभ कैसे उठा सकता/ती हूँ?

- अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताएं, "I need an interpreter"
  > वे आपकी भाषा चुनने में सहायता देने के लिए आपको एक भाषा पहचान (आई.डी.) कार्ड दिखा सकते हैं।
  > हरेक स्वास्थ्य केंद्र में ऐसे संसाधन भी उपलब्ध हैं, जो आपकी भाषा और आपकी पसंद की दुभाषिया सेवा चुनने में आपकी सहायता करेंगे, जिसमें आप सहज महसूस करें।
- यदि दुभाषिए के लिए उपलब्ध कराए गए विकल्प से आपकी आवश्यकताएं पूरी नहीं होती हैं, तो आप दूसरी विधि के लिए निवेदन कर सकते/ती हैं। स्टाफ का एक सदस्य उपलब्ध विकल्पों के बारे में आपके साथ समीक्षा कर सकता है और आपके लिए सही विकल्प चुनने में आपकी सहायता कर सकता है।
- यदि आपको दुभाषिया या अनुवाद सेवाओं का उपयोग नहीं करना पसंद हो, तो कृपया अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य को सूचित करें।

### कृपया ध्यान दें:

- आपकी स्वास्थ्य देखभाल टीम दुभाषिए की बुकिंग करते समय कुछ आधारिक जानकारी (जैसे आपका नाम, आपका फोन नंबर और आपके अस्पताल जाने का सामान्य कारण) साझा करेगी।
- जब आप दुभाषिया सेवाओं के उपयोग के लिए सहमति देते/ती हैं, तो इसका अर्थ है कि आप नोवा स्कोशिया हेल्थ और आईडब्ल्यूके हेल्थ को आपको और/या आपके सहायक व्यक्तियों को यह सहायता प्रस्तुत करते रहने के लिए अपनी अप्रत्यक्ष सहमति दे रहे/ही हैं।
- आपकी स्वास्थ्य देखभाल टीम इसका दस्तावेजीकरण करेगी ।
- **यदि आप दुभाषिया या अनुवाद सेवाओं के लिए निवेदन करते/ती हैं, तो इससे आपकी देखभाल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।**

## लिखित दस्तावेजों का अनुवाद

यदि आपको अंग्रेज़ी में लिखित जानकारी या फॉर्म दिया जाता है और यह आपको समझ नहीं आता है, तो आप:

- अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य से यह पत्रक मांगें 2627, *अपनी भाषा में स्वास्थ्य देखभाल जानकारी को समझना*, नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें, या यहां जाएं:
    - > www.nshealth.ca/patient-education-resources/hi2627

अपने डिवाइस से क्यूआर कोड को स्कैन करें
(अपने डिवाइस पर कैमरा खोलें, कैमरे को कोड की ओर इंगित करें, और दिखाई देने वाले बैनर या बॉर्डर पर टैप करें)

- दस्तावेज के अनुवादित संस्करण के लिए पूछें या अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य से दस्तावेज का भाषांतरण करने के लिए दुभाषिए की मांग करें।

## इन सेवाओं के लिए शुल्क क्या है?

- **दुभाषिया और अनुवाद सेवाएं निःशुल्क हैं।** नोवा स्कोशिया हेल्थ या आईडब्ल्यूके हेल्थ में दुभाषिया या अनुवाद सेवाओं के लिए आपसे शुल्क **नहीं** लिया जाएगा।

## क्या मैं अपने परिवार या दोस्तों को दुभाषिए के रूप में उपयोग कर सकता/ती हूँ?

- हम दुभाषिए के रूप में परिवार के सदस्यों या दोस्तों के उपयोग का समर्थन **नहीं** करते/ती हैं।
- भाषांतरण के लिए परिवार के सदस्यों या अन्य लोगों पर निर्भर रहने से गलत सूचना मिल सकती है या महत्वपूर्ण विवरण छूट सकते हैं।
- पेशेवर चिकित्सा दुभाषिए चिकित्सा शब्दावली में प्रशिक्षित होते हैं, वे तटस्थ रहते हैं (अपनी राय या सलाह नहीं देते हैं), और आपके द्वारा साझा की गई किसी भी जानकारी को गोपनीय रखते हैं। यह आपको सुरक्षित रखने, आपकी बात को सही ढंग से समझने और आपके सम्मान को बनाए रखने के लिए है।

## क्या आप अधिक जानकारी चाहते/ती हैं?

- अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम से आपके लिए उपलब्ध भाषा-संबंधी सेवाओं के बारे में पूछें।

**आपके पास यह अधिकार है कि आपको अपनी भाषा और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए सम्मानजनक देखभाल मिले।**

**हम आपको समझने में सहायता देने के लिए यहां हैं।**

आपका स्वास्थ्य मायने रखता है।

आपकी आवाज मायने रखती है।

आपकी देखभाल में भाषा कभी भी बाधा नहीं बननी चाहिए।

Also available in English: WX85-2594
*Interpretation and Translation Services at Nova Scotia Health and IWK Health*

इस पत्रक का उद्देश्य केवल शिक्षा के प्रयोजन से है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता की सलाह या पेशेवर निर्णय की जगह पर लिया जाना नहीं है। यह जानकारी संभावित रूप से सभी स्थितियों में लागू नहीं भी हो सकती है। यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से पूछें।

यह पत्रक और हमारे सभी रोगी संसाधन यहाँ से प्राप्त करें:
https://www.nshealth.ca/patient-education-resources?language=hindi

नोवा स्कोशिया में किसी भी समय रजिस्टर्ड नर्स से संपर्क करें:
811 पर कॉल करें या यहाँ जाएँ: https://811.novascotia.ca

*तैयारकर्ता:* भाषा सेवाएं
*डिज़ाइन और प्रबंधनकर्ता:* पुस्तकालय सेवाएँ (Library Services)

https://creativecommons.org/licenses/by-nc-nd/4.0/deed.en
In reproducing this content, you agree to the following terms of use and disclaimer:
Terms of Use – CC BY-NC-ND: https://library.nshealth.ca/ld.php?content_id=37668692
HI85-2630 © March 2026 Nova Scotia Health Authority
To be reviewed March 2029 or sooner, if needed.